42. कौन-सा शब्द समुदायों के कई पीढ़ियों में जमा पारंपरिक ज्ञान का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(A) लोकज्ञान

(B) अनुभव

(C) दूरदर्शिता

(D) चतुरता

43. यदि आप दो पक्षों को उनके मतभेदों को हल करने में सहायता करने का प्रयास रहे हैं, तो आपको क्या कहा जाएगा ?

(A) साक्षी

(B) मध्यस्थ

(C) अधिवक्ता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश (प्रश्न क्र. 44 – 53) : नीचे दिए गए प्रश्नों में एक कथन और तत्पश्चात् दो तर्क/संकल्पना क्र. I और II दिए गए हैं। तर्कों/संकल्पनाओं पर विचार करें और तय करें कि कौन-सा तर्क/संकल्पना सही है।

44. **कथन :** सरकार ने होम लोन (गृह ऋण) सस्ते कर दिए हैं।

संकल्पना I : संभवत: ज़्यादा लोग गृह-ऋण ले सकते हैं।

संकल्पना II : मकानों की कीमत कम हो जाएगी।

(A) कथन में सिर्फ संकल्पना I निहित है

(B) कथन में सिर्फ संकल्पना II निहित है

(C) कथन में दोनों संकल्पनाएँ निहित हैं

(D) दोनों में से कोई भी संकल्पना कथन में निहित नहीं है

45. **कथन :** प्रत्येक आई.आई.टी., बी.टेक. और एँम.टेक. पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

संकल्पना I : बी.टेक. और एँम.टेक. पाठ्यक्रम केवल आई.आई.टी. में ही प्रदान किये जाते हैं।

संकल्पना II : आई.आई.टी. केवल बी.टेक. और एँम.टेक. पाठ्यक्रमों के लिये ही हैं।

(A) कथन में सिर्फ संकल्पना I प्रभावशाली है

(B) कथन में सिर्फ संकल्पना II प्रभावशाली है

(C) कथन में दोनों संकल्पनाएँ प्रभावशाली हैं

(D) दोनों में से कोई भी संकल्पना कथन में प्रभावशाली नहीं है

46. **कथन :** मोबाइल फोन सेवाओं पर आसानी से उपलब्ध डेटा के कारण मोबाइल गेमिंग इन दिनों बढ़ गया है।

संकल्पना I : लोगों में मोबाइल गेम्स को लेकर उन्माद देखने को मिला है।

संकल्पना II : पर्सनल कंप्यूटर की तुलना में मोबाइल पर कई गेम प्राप्त करना आसान है।

(A) कथन में सिर्फ संकल्पना I प्रभावशाली है

(B) कथन में सिर्फ संकल्पना II प्रभावशाली है

(C) कथन में दोनों संकल्पनाएँ प्रभावशाली हैं

(D) दोनों में से कोई भी संकल्पना कथन में प्रभावशाली नहीं है

Prepp
Your Personal Exams Guide

42. Which word best describes the traditional knowledge of communities accumulated over several generations ?

(A) Folk wisdom

(B) Experience

(C) Farsightedness

(D) Intelligence

43. If you are trying to help two parties resolve their differences, you would be called a/an

(A) Observer

(B) Mediator

(C) Advocate

(D) None of the above

Directions (Question Nos. 44 – 53) : In each of the questions below is given a statement and followed by two arguments/assumptions numbered I and II. Consider the arguments/ assumptions and decide which is correct.

44. **Statement** : Government has made home loans cheaper.

Assumption I : More people are likely to take home loans.

Assumption II : Price of houses will come down.

(A) Only assumption I is implicit

(B) Only assumption II is implicit

(C) Both assumptions are implicit

(D) Neither assumption I nor II is implicit

45. **Statement** : Every IIT offers B.Tech. and M.Tech. courses.

Assumption I : B.Tech. and M.Tech. courses are offered only in IITs.

Assumption II : IITs are meant for B.Tech. and M.Tech. courses only.

(A) Only Assumption I is strong

(B) Only Assumption II is strong

(C) Both assumptions are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

46. **Statement** : Mobile gaming has increased these days because of readily available data over mobile phone services.

Assumption I : People have got a craze about mobile games.

Assumption II : It is easier to obtain many games on mobiles than from a personal computer.

(A) Only Assumption I is strong

(B) Only Assumption II is strong

(C) Both assumptions are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

47. **कथन :** युवावस्था में पुस्तक पढ़ने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह दिए गए मुद्दे के बारे में व्यापक और विस्तृत जानकारी प्रदान करता है ।

संकल्पना I : संपूर्ण ज्ञान और सीखने के लिए किताबें सर्वोत्तम संसाधन हैं ।

संकल्पना II : पढ़ना, फोकस और विश्लेषणात्मक सोच को बेहतर बनाने में मदद करता है ।

(A) कथन में सिर्फ संकल्पना I प्रभावशाली है

(B) कथन में सिर्फ संकल्पना II प्रभावशाली है

(C) कथन में दोनों संकल्पनाएँ प्रभावशाली हैं

(D) दोनों में से कोई भी संकल्पना कथन में प्रभावशाली नहीं है

48.

DELETED

49. **कथन :** एक नोटिस पर यह लिखा है "कृपया बिना मेरे अनुमति के इस किताब की फोटोकॉपी न करें ।"

संकल्पना I : किताब की फोटोकॉपी संभव है ।

संकल्पना II : इस चेतावनी का मतलब है कि अवहेलना करने वाले को दंडित किया जायेगा ।

(A) सिर्फ संकल्पना I कथन में निहित है

(B) सिर्फ संकल्पना II कथन में निहित है

(C) दोनों संकल्पनाएँ कथन में निहित हैं

(D) दोनों में से कोई भी संकल्पना कथन में निहित नहीं है

50. **कथन :** शुद्ध घी स्वास्थ्य के लिए अच्छा है ।

संकल्पना I : सभी स्वस्थ व्यक्ति घी लेते हैं ।

संकल्पना II : शुद्ध घी से बनी मिठाई स्वस्थ्य के लिए अच्छी होती हैं ।

(A) सिर्फ संकल्पना I कथन में निहित है

(B) सिर्फ संकल्पना II कथन में निहित है

(C) दोनों संकल्पनाएँ कथन में निहित हैं

(D) दोनों में से कोई भी संकल्पना कथन में निहित नहीं है

51. **कथन :** भारत का राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एन.एच.आर.सी.) मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जिम्मेदार है । कानून द्वारा यह परिभाषित है कि जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं व्यक्ति की गरिमा के अधिकार संविधान द्वारा प्रत्याभूत किये गए हैं अथवा अंतरराष्ट्रीय वचाओं और नियमों में निहित है ।

तर्क I : मानव अधिकारों की अवहेलना होने पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग स्वयं अथवा पीड़ित द्वारा दाखिल किए गए याचिका के लिए जाँच बैठा सकता है ।

तर्क II : राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के क्षेत्र में अनुसन्धान एवं अनुसन्धान के संवर्धन का कार्य करता है ।

(A) तर्क I प्रबल है

(B) तर्क II प्रबल है

(C) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं

(D) तर्क I और II दोनों प्रबल नहीं हैं

47. **Statement** : Book-reading must be encouraged in young age as it provides comprehensive and detailed information about a given issue.

Assumption I : Books are best resource for complete knowledge and learning.

Assumption II : Reading helps to improve focus and analytical thinking.

(A) Only Assumption I is strong

(B) Only Assumption II is strong

(C) Both assumptions are strong

(D) Neither assumption I nor II is strong

48. Deleted

49. **Statement** : A notice reads "Please do not photocopy this book without my permission".

Assumption I : It is possible to photocopy the book.

Assumption II : This warning implies punishment for people violating it.

(A) Only assumption I is implicit

(B) Only assumption II is implicit

(C) Both assumptions are implicit

(D) Neither assumption I nor II is implicit

50. **Statement** : Pure ghee is good for health.

Assumption I : All healthy people take ghee.

Assumption II : Sweets with pure ghee are good for health.

(A) Only assumption I is implicit

(B) Only assumption II is implicit

(C) Both assumptions are implicit

(D) Neither assumption I nor II is implicit

51. **Statement** : National Human Rights Commission (NHRC) of India is responsible for the protection and promotion of Human Rights, defined by the Act as rights relating to life, liberty, equality and dignity of the individual guaranteed by the Constitution or embodied in the International Covenants.

Argument I : On the violation of Human Rights, NHRC can initiate an inquiry on their own or against a petition filed by a victim.

Argument II : NHRC promotes and undertakes research about the Human Right issues.

(A) Argument I is strong

(B) Argument II is strong

(C) Arguments I and II are strong

(D) Neither argument I nor II is strong

52. **कथन :** आंतरिक उपभोग के लिए कम होने पर भी हमारे देश को निर्यात बढ़ाना चाहिए ।
तर्क I : हाँ, हमें तेल आदि वस्तुओं के आयात के लिए विदेशी मुद्रा की जरूरत है ।
तर्क II : नहीं, यह कदम आंतरिक उपभोक्ता को नुकसान पहुँचायेगा ।
(A) तर्क I प्रबल है
(B) तर्क II प्रबल है
(C) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं
(D) तर्क I और II दोनों प्रबल नहीं हैं

53. **कथन :** भीड़-भाड़ वाले स्थान जैसे बाज़ार, बसों, रेलगाडी, आदि में छींकते और खाँसते समय मुँह को ढक लेना चाहिए ।
तर्क I : तपेदिक जैसे जानलेवा रोगों के रोगाणु छींकते और खाँसते समय कफ की बूंदों के माध्यम से फैलते हैं ।
तर्क II : भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बार-बार जाने से तपेदिक जैसे जानलेवा रोग से ग्रसित होने की सम्भावना बढ़ जाती है ।
(A) तर्क I प्रबल है
(B) तर्क II प्रबल है
(C) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं
(D) तर्क I और II दोनों प्रबल नहीं हैं

निर्देश (प्रश्न क्र. 54 और 55) : सबसे उपयुक्त विकल्प के साथ रिक्त स्थान भरें ।

54. रोजगार के लिये आवेदन पत्र लिखते समय, आपकी योग्यता का विवरण _____ होना चाहिये ।
(A) सटीक
(B) अतिरंजित
(C) विनयपूर्ण
(D) सरल

55. _____ एक आक्रामक व्यवहार के रूप में माना जाता है और सबसे अधिक वक्ता से नकारात्मक प्रतिक्रिया लाने की सम्भावना है ।
(A) सिर हिलाना
(B) घूरना
(C) चिल्लाना
(D) अंगूठा दिखाना

निर्देश (प्रश्न क्र. 56 – 60) : निम्नलिखित लेखांश पढ़े और अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होना चाहिए ।

शहर की सड़कों पर रहने वाले स्वतंत्र एवं अनियंत्रित घूमने वाले कुत्तों को विज्ञान की भाषा में आवारा कुत्तों के रूप में जाना जाता है । विश्व में आवारा कुत्तों की अधिकतम जनसंख्या वाले देशों में भारत एक प्रमुख देश है । जहाँ भारत की सड़कों पर लगभग 30 मिलियन आवारा कुत्तों की आबादी बसती है । सड़कों पर निर्बाध रूप से घूमने वाले ये कुत्ते मनुष्य में विभिन्न प्रकार की भावनाओं जैसे डर, असहिष्णुता, सहानुभूति एवं लगाव उत्पन्न करते हैं । अब भारत में जो आवारा कुत्ते पागल नहीं है, उनकी जनसंख्या कम करने के लिए उनको मारना प्रतिबंधित कर दिया गया है । देश की न्यायपालिका के विचारों में परिवर्तन एवं पशु जन्म नियंत्रण के उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन के अभाव के परिणामस्वरूप आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही हैं, जैसे-जैसे कुत्तों की आबादी बढ़ती है इसके साथ इससे जुड़ी समस्याएँ जैसे कुत्तों को काटना, रेबीज, शोर प्रदूषण एवं अन्य इत्यादि समस्याएँ बढ़ जाती है । इन कारणों से असंख्य आवारा कुत्तों को भी अत्यंत कठोरतम परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए विवश होना पड़ता है । कई लोगों के लिए इन सभी प्रकार के मुद्दो में उनके कुत्तों के साथ संबंध और व्यवहार को पूरी तरह से बदल दिया है । कुत्ते जो पहले उनके प्यारे साथी होते थे वह अब उनके बुरे दुश्मन हो गए हैं । एक मिल मालिक ने

Prepp
Your Personal Exams Guide

52. **Statement** : Our country should enhance exports even when there is a shortage for internal consumption.

Argument I : Yes, we need foreign exchange to import things like oil.

Argument II : No, it will harm the internal consumers.

(A) Argument I is strong
(B) Argument II is strong
(C) Arguments I and II are strong
(D) Neither argument I nor II is strong

53. **Statement** : In crowded public places like market, buses, trains, one should cover his/her mouth while coughing and sneezing.

Argument I : Germs of deadly diseases such as tuberculosis spread through droplets of cough/sneeze.

Argument II : Chances of getting infected from deadly diseases such as tuberculosis is high if you visit crowded public places frequently.

(A) Argument I is strong
(B) Argument II is strong
(C) Arguments I and II are strong
(D) Neither argument I nor II is strong

Direction (Q. No. 54 and 55) : Fill in the blanks with the most suitable choice.

54. When writing a letter to apply for a job, your description of your qualifications should be _____

(A) Accurate
(B) Exaggerated
(C) Modest
(D) Simple

55. _____ is considered as an aggressive behaviour and will most likely bring negative response from the speaks.

(A) Nodding
(B) Staring
(C) Shouting
(D) To show thumb

Directions (Question Nos. 56 – 60) : Read the following excerpt and answer the questions asked at the end. The answers to the questions should be based on the excerpt.

Stray dogs known in scientific literature as free ranging urban dogs are unconfined dogs living in streets. India is home to one of largest population of stray dogs in the world with approximately 30 million stray dogs on streets. These free roaming dogs on streets evoke different emotions such as affection, sympathy, intolerance and fear amongst human beings. The culling of non-rabid stray dogs is now forbidden in India. This change in the thought of the country's judiciary and lack of implementation of effective animal birth control measures have resulted in increasing population. As the stray dog population increases, so do the problems associated with it – dog bites, rabies, noise pollution to name a few. Sadly, this has also forced these countless stray dogs to survive in squalid conditions. For many people, these issues have transformed dogs, who were once considered their beloved companions

60 आवारा कुत्तों को मार डाला परंतु बाद में पश्चाताप की अनुभूति कर गाँधीजी से भेंट की, जिन्होंने उसके इस कृत्य को अंततोगत्वा उचित प्रतिपादित किया। जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई, 'अहिंसा' की प्रतिमूर्ति ने स्वयं इस हिंसा को उचित ठहराया था। सभी प्रकार के जीवित प्राणियों का संरक्षण एवं सम्मान किया जाना चाहिए। और उन पर किसी भी प्रकार की हिंसा कि चेष्टा न कि जाकर ही वास्तव में अहिंसा की अवधारणा की नींव का निर्माण करती है। गाँधीजी के द्वारा मिल मालिक के इस हिंसक कृत्य को अहिंसा की वास्तविक व्याख्या के परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है। उन्होंने सोचा कि उनके इस कार्य से कुत्तों को घोर उपेक्षा की क्रूर स्थिति से गुजरने से भी रोका।

56. निम्न में से कौन-सा कथन उपर्युक्त अंश से अनुमानित किया जा सकता है ?

(A) आवारा कुत्तों को अंधाधुंध मारा जाना चाहिए

(B) सभी आवारा कुत्तों को जान से मारना अवैध है

(C) हत्या करना कुत्ते की आबादी को सीमित करने के लिए एकमात्र राहत है

(D) पागल कुत्तों को मारने की अनुमति दी जा सकती है

57. निम्नलिखित में से कौन-सा आवारा कुत्तों पर गांधीवादी विचारों के कार्यान्वयन का संभावित परिणाम हो सकता है ?

(A) सभी आवारा कुत्तों की अंधाधुंध हत्या

(B) सभी पागल आवारा कुत्तों की अंधाधुंध हत्या

(C) पशु-मानव संघर्ष में वृद्धि

(D) आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए कुशल रणनीतियों की खोज

58. वर्तमान पशु कल्याण कानून और पशु जन्म नियंत्रण उपायों के अक्षम क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप निम्नलिखित में से एक है

(A) परिणामस्वरूप आवारा कुत्तों की अस्वास्थ्यकर परिस्थिति

(B) पशु-मानव संघर्ष में कमी

(C) आवारा कुत्ते की आबादी में गिरावट

(D) सभी आवारा कुत्तों को मारने पर निषेध

59. उपर्युक्त लेखांश के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) गांधीजी ने मिल मालिक के कृत्य को अहिंसा के कार्य के रूप में माना

(B) कुत्ते हमारे दुश्मन हैं

(C) पशु जन्म नियंत्रण के उपाय बेकार हैं

(D) जान से मारना कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए एकमात्र मानवीय विधि है

60. निम्नलिखित में किस कारण से भारत में कुत्ते की आबादी में वृद्धि हुई है ?

(A) आवारा कुत्तों के लिए मनुष्यों का असहिष्णुता

(B) पशु प्रेमियों द्वारा आवारा कुत्तों को खिलाना

(C) आवारा कुत्तों को अंधाधुंध जान से मारने पर प्रतिबंध

(D) कुत्ते की आबादी का अक्षम प्रबंधन

Prepp
Your Personal Exams Guide

to their worst enemies. A mill owner killed 60 stray dogs but later felt remorse and went to Gandhiji, who approved of his deeds. This created a controversy, as violence was justified by an epitome of 'Ahimsa'. Respect for all living beings and that all life forms should be protected and not meted out with violence, forms the foundation of the concept of 'Ahimsa'. Gandhiji's endorsement of the mill owner's act could be understood in light of true interpretation of 'Ahimsa'. He thought that the act prevented the dogs from undergoing cruel state of neglect.

56. Which one of the following statement may be inferred from the above excerpt ?

(A) The stray dogs should be killed indiscriminately

(B) Culling of all stray dogs is illegal

(C) Killing is the only respite to confine dog population

(D) Culling of rabid dogs can be allowed

57. Which one of the following could be a possible outcome of implementation of Gandhian thought on stray dogs ?

(A) Indiscriminate killing of all stray dogs

(B) Indiscriminate killing of all rabid stray dogs

(C) Increase in animal-human conflicts

(D) Exploration of efficient strategies for management of stray dogs

58. Current animal welfare laws and inefficient implementation of animal birth control measures have resulted in which one of the following ?

(A) Resulted in unhygienic living conditions of stray dogs

(B) Reduced animal-human conflict

(C) Decline in stray dog population

(D) Prevention of culling of all stray dogs

59. Which one of the statement is true in reference to the above excerpt ?

(A) Gandhiji considered the act of mill owner as an act of ahimsa

(B) Dogs are our enemies

(C) Animal birth control measures are useless

(D) Culling is the only humane method to control dog population

60. The dog population in India has increased because of the following

(A) Intolerance of humans to stray dogs

(B) Feeding of stray dogs by animal lovers

(C) Restriction on indiscriminate culling of stray dogs

(D) Inefficient management of dog population

61. गलत पर्यायवाची-युग्म चुनिए।
(A) इच्छा - ईप्सा
(B) इंद्र - शचीश
(C) आकाश - दिव
(D) कबूतर - काकली

62. 'खल' शब्द का पर्यायवाची है
(A) दुर्जन
(B) प्रीति
(C) खगेश
(D) सुपर्ण

63. 'समीक्षा करने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।
(A) आलोचक
(B) निर्णायक
(C) समीक्षक
(D) समीक्ष्य

64. 'अज्ञ' का अर्थ है
(A) जो सब कुछ जानता है
(B) जिसे जाना जा सके
(C) जिसके आर-पार देखा जा सके
(D) जो कुछ नहीं जानता है

65. निम्नलिखित में से सही शब्द-युग्म का चयन कीजिए।
(A) आवर्त्त - पानी का भँवर
(B) अवश - अवश्य
(C) अस्व - घोड़ा
(D) आसन - भोजन

66. बेमेल अनेकार्थक शब्द-युग्म चुनिए।
(A) अक्ष - आँख
(B) अज - भेड़ा
(C) अड्डा - खेत की मेड
(D) अंक - अनंत

67. निम्नलिखित में से सही अनेकार्थक शब्द-युग्म का चयन कीजिए।
(A) हरि - मेंढ़क
(B) मधु - चुप
(C) अमृत - लाल
(D) कर - कोट

68. 'सर' का अनेकार्थक शब्द है
(A) सेहत
(B) अमृत
(C) पराजित
(D) शुद्ध

69. 'अनय' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है
(A) आदि
(B) उपरि
(C) नय
(D) अनघ

70. गलत विलोमार्थक युग्म चुनिए।
(A) अचेत - सचेत
(B) अर्जन - वर्जन
(C) आगत - अनागत
(D) इष्ट - अभिष्ट

71. 'चिरंतन' शब्द का विलोमार्थक शब्द है
(A) चेतन
(B) नश्वर
(C) क्षणिक
(D) सुषुप्त

72. सही समानार्थक-युग्म का चयन कीजिए।
(A) अश्व - घोटक
(B) उद्यान - पेड़
(C) चैल - हिम
(D) कमल - जलद

73. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए।
(A) अनाधिकार प्रवेश मना है।
(B) अनधिकार प्रवेश मना है।
(C) अनधीकार प्रवेश मना है।
(D) अनाधिकारी प्रवेश मना है।

74. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य छाँटिए।
(A) वह जोर-जोर से रोने लगा।
(B) यह बात किसी को मत बताना।
(C) उसने जोर-जोर से रोने लगा।
(D) सुनते - सुनते कान भर गये।

75. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटिए।
(A) रिण
(B) रित्
(C) ऋण
(D) रिजु

76. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध शब्द छाँटिए।
(A) आषाढ़
(B) कष्ट
(C) पुस्ट
(D) रेशम

77. 'अंकेक्षक' के लिए उचित अर्थ प्रदर्शित करने वाले वाक्यांश का चयन कीजिए।
(A) जो हिसाब-किताब की जाँच करता हो
(B) जिस पर निर्णय न हुआ हो
(C) जिस पर अनुग्रह किया गया हो
(D) अनुकरण करने योग्य

78. 'जो शत्रु की हत्या करता है' वाक्यांश के लिए उचित शब्द का चयन कीजिए।
(A) हत्यारा
(B) शत्रुघ्न
(C) उद्धारक
(D) प्रतिवादी

79. सही शब्द-युग्म का चयन कीजिए।
(A) द्विष - हाथी
(B) तरंग - घोड़ा
(C) दूत - जुआ
(D) पथ्य - रास्ता

80. बेमेल शब्द-युग्म चुनिए।
(A) अलीक - सच
(B) अलिक - ललाट
(C) अक्ष - धुरी
(D) अवगत - मालूम

निर्देश (प्रश्न सं. 81 से 85) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

गद्यांश – 1

स्वाध्याय से कभी मुख न मोड़ो। वह तुम्हें प्रमाद से बचाएगा। जिस आचार्य ने तुम्हारी इतने दिनों तक रक्षा की, उसके प्रति तुम्हारा जो कर्तव्य है उसे अपने हृदय से पूछो। माता-पिता, आचार्य और अतिथि, ये तुम्हारे देवता हैं; इनकी सदा शुश्रूषा करना धर्म समझो। पुराने ऋषि बड़े उदार और निराभिमान थे। वे कभी पूर्ण या दोष रहित होने का दावा नहीं करते थे। उन्हीं का प्रतिनिधि होकर मैं तुमसे कहता हूँ कि हमारे अच्छे गुणों का अनुकरण करो और दोषों को छोड़ दो, इस संसार की अँधियारी में किसी को अपना ज्योति स्तम्भ बनाओ। पढ़ा-पढ़ाया कुछ अंश तक पथ-प्रदर्शक होता है, पर सच्चे पथ-प्रदर्शक वे ही महापुरुष होते हैं जो अपना नाम संसार में छोड़ जाते हैं। वे जीवन समुद्र में ज्योति-स्तम्भ का काम देते हैं।

81. स्वाध्याय किससे बचाता है ?

(A) प्रमाद से

(B) शत्रुओं से

(C) निराशा से

(D) परिश्रम से

82. माता-पिता, आचार्य और अतिथि किसके समान हैं ?

(A) ज्योति-स्तम्भ

(B) देवता

(C) ऋषि-मुनि

(D) महापुरुष

83. किसका अनुकरण करो ?

(A) अनुशासन का

(B) धर्म की मर्यादा का

(C) अच्छे गुणों का

(D) अपनी आत्मा का

84. सच्चे पथ-प्रदर्शक कौन होते हैं ?

(A) माता-पिता

(B) आचार्य

(C) मित्र

(D) महापुरुष

85. पुराने ऋषि कैसे थे ?

(A) उदार और निराभिमान

(B) पूर्ण और दोष रहित

(C) महान और विद्वान

(D) संसार के ज्ञाता

निर्देश (प्रश्न सं. 86 से 90) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

गद्यांश – 2

व्यक्ति के जीवन में संतोष का बहुत महत्व है । संतोषी व्यक्ति सुखी रहता है । असंतोष सब व्याधियों की जड़ है । महात्मा कबीर ने कहा है कि धन-दौलत से कभी संतोष नहीं मिलता । संतोष रूपी धन मिलने पर समस्त वैभव धूल के समान प्रतीत होता है। व्यक्ति जितना अधिक धन पाता जाता है, उतना ही असंतोष उपजता जाता है । यह असन्तोष मानसिक तनाव उत्पन्न करता है, जो अनेक रोगों की जड़ है । धन व्यक्ति को उलझनों में फँसाता जाता है । साधु को संतोषी बताया गया है क्योंकि भोजन मात्र की प्राप्ति से उसे संतोष मिल जाता है । हमें भी साधु जैसा होना चाहिए । हमें अपनी इच्छाओं को सीमित रखना चाहिए । जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती है तो हमारा मन सदा असंतुष्ट रहता है । साँसारिक वस्तुएँ हमें कभी सन्तोष नहीं दे सकती, सन्तोष का सम्बन्ध मन से है । सन्तोष सबसे बड़ा धन है । इसके सम्मुख सोना-चाँदी, रुपया-पैसा व्यर्थ है ।

86. सब व्याधियों की जड़ क्या है ?

(A) धन-दौलत

(B) सोना-चाँदी

(C) असन्तोष

(D) सन्तोष

87. संतोष रूपी धन मिलने से क्या होता है ?

(A) वैभव धूल के समान लगने लगता है

(B) मन में सन्तुष्टि आ जाती है

(C) धन की लालसा बढ़ जाती है

(D) वैभव बढ़ जाता है

88. जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती है तब क्या होता है ?

(A) मन में खुशी होती है

(B) मन सदा असन्तुष्ट रहता है

(C) मन संसार में रम जाता है

(D) मन को सन्तोष मिलता है

89. संतोष का सम्बन्ध किससे है ?

(A) मन से

(B) धन से

(C) वस्तुओं से

(D) वैभव से

90. 'धन-दौलत से कभी संतोष नहीं मिलता' यह कथन किसका है ?

(A) महात्मा बुद्ध

(B) महात्मा गाँधी

(C) महात्मा कबीर

(D) महात्मा फुले

Prepp
Your Personal Exams Guide

निर्देश (प्रश्न सं. **91** से **95**) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

गद्यांश – 3

भाषा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा मनुष्य अपने भावों और विचारों को अभिव्यक्त करता है और समाज, समूहों या व्यक्ति तक संप्रेषित करता है । वस्तुत: भाषा ही संप्रेषण का प्रमुख माध्यम है । मनुष्य अपने समाज और परिवेश से भाषा का अर्जन करता है, परन्तु भाषा भी समाज के विकास के साथ विकसित और परिवर्तित होती है । भाषा की गतिशीलता का संबंध हमारे सामाजिक व्यवहार से जुड़ा होता है । इसलिए एक ओर भाषा का एक रूप स्थिर रहता है, तो दूसरा रूप परिवर्तित होता रहता है । भाषा का जो रूप परिवर्तित नहीं होता, उसके शब्दों को व्याकरण की भाषा में अविकारी कहा जाता है । ऐसे शब्दों में कोई विकार नहीं होता, इसीलिए वे अविकारी शब्द हैं । जैसे लिंग, वचन, कारक आदि के फलस्वरूप जिन शब्दों में परिवर्तन होता है, उन्हें विकारी शब्द कहा जाता है । क्रिया-विशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक और विस्मयादिबोधक अविकारी शब्द हैं तथा संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण विकारी शब्द हैं । भाषा के कौशल के लिए इन सभी का महत्व है ।

91. संप्रेषण का प्रमुख माध्यम है

(A) भाव

(B) भाषा

(C) विचार

(D) समाज

92. मनुष्य भाषा का अर्जन किससे करता है ?

(A) अपने समाज एवं परिवेश से

(B) पुस्तकों से

(C) अपनी अनुभूतियों से

(D) अपने विद्यालय से

93. भाषा की गतिशीलता का सम्बन्ध किससे है ?

(A) औद्योगिक विकास से

(B) भाषा के व्याकरण से

(C) सामाजिक व्यवहार से

(D) जलवायु परिवर्तन से

94. जिन शब्दों के रूप परिवर्तित नहीं होते हैं, उन्हें कहा जाता है

(A) तत्सम

(B) देशज

(C) विकारी

(D) अविकारी

95. संज्ञा और सर्वनाम शब्द हैं

(A) विकारी

(B) अविकारी

(C) तद्भव

(D) संकर

निर्देश (प्रश्न सं. 96 से 100) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

गद्यांश – 4

देश-प्रेम, प्रेम का वह अंश है जिसका आलंबन है सारा देश – उसमें व्यापक प्रत्येक कण अर्थात् मनुष्य, पशु, पक्षी, नदी, नाले, वन, पर्वत इत्यादि । यह एक साहचर्यगत प्रेम है। अर्थात् जिसके सानिध्य का हमें अभ्यास पड़ जाता है उनके प्रति लोभ या राग हो जाता है । कोई भी व्यक्ति सच्चा देश-प्रेमी कहला सकने की तभी सामर्थ्य रखता है जब वह देश के प्रत्येक मनुष्य, पशु, पक्षी, लता, गुल्म, पेड़, पत्ते, वन, पर्वत, नदी, निर्झर आदि सभी को अपनत्व की भावना से देखेगा । इन सबकी सुधि करके विदेश में भी आँसू बहाएगा । जो व्यक्ति राष्ट्र के मूलभूत जीवन को भी नहीं जानता और उसके बाद भी देश-प्रेमी होने का दावा करे तो यह उसकी भूल है । जब तुम किसी के सुख-दु:ख के भागीदार ही नहीं बने तो उसे सुखी देखने के स्वप्न तुम कैसे कल्पित करोगे ? उससे अलग रहकर अपनी बोली में तुम उसके हित की बात तो करो पर उसमें प्रेम के माधुर्य जैसे भाव नहीं होंगे । प्रेम को तराजू में तोला नहीं जा सकता । ये भाव तो मनुष्य के अन्त:करण से जुड़े हुए हैं । परिचय से देश-प्रेम की उत्पत्ति होती है ।

96. देश-प्रेम का आलंबन है

(A) सारा देश

(B) देश के लोग

(C) पशु-पक्षी

(D) वन पर्वत

97. कोई भी व्यक्ति सच्चा देश-प्रेमी कब कहला सकता है ?

(A) जब वह मनुष्य को प्यार करेगा

(B) जब वह पशु-पक्षी से प्यार करेगा

(C) जब वह देश की प्रत्येक वस्तु के साथ अपनत्व का भाव रखेगा

(D) जब वह वनों और पर्वतों को अपना समझेगा

98. जिसके सानिध्य का हमें अभ्यास पड़ जाता है उनके प्रति क्या होता है ?

(A) लोभ या राग

(B) राग या द्वेष

(C) सुख या दु:ख

(D) मोह या माया

99. किसको तराजू में नहीं तोला जा सकता ?

(A) देश को

(B) प्रेम को

(C) वन-पर्वतों को

(D) नदी-निर्झरों को

100. देश-प्रेम की उत्पत्ति किससे होती है ?

(A) माधुर्य से

(B) स्वरूप से

(C) परिचय से

(D) भक्ति से

Prepp
Your Personal Exams Guide

रफ़ कार्य / ROUGH WORK

Prepp
Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

रफ़ कार्य / ROUGH WORK

Prepp
Your Personal Exam Guide